**अंकन योजना**
**अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)**
**सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2026**
**कक्षा- 10 वीं हिंदी (A), कोड- 002**
**प्रश्न पत्र कोड 3/3/2**

## सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✓) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न ( x ) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर **दाईं** ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो **बाईं** ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। ( विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✓) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि ( ✓ ) या ( x ) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर ( x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए, सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

**अंकन योजना मार्च, 2026**

**प्रश्न पत्र कोड: 3/3/2**

**विषय: हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ')** **विषय कोड 002** **कक्षा – दसवीं**

| प्रश्न संख्या | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक |
|---|---|---|
| | **[ खंड - क ] (अपठित बोध)** | **14** |
| 1. | अपठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 7 |
| (i) | (A) कथन I सही है। | 1 |
| (ii) | (C) दुखों के बदले सुख देना | 1 |
| (iii) | (C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| (iv) | परीक्षार्थी काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे-<br>• रूढ़ियों को तोड़ समाज को नयी दिशा देना<br>• क्रांति द्वारा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना<br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br>* कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* प्रश्न के संदर्भ में काव्यांश पर आधारित थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>-----------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (v) | परीक्षार्थी काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे-<br>• द्वेष करने वालों से भी प्रेम करना<br>• आपसी दूरियों को मिटाना<br>• सबके प्रति समानता का भाव रखना<br>• दीन-दुखियों का साथ देना | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br><br>* कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* प्रश्न के संदर्भ में काव्यांश पर आधारित थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 2. | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 7 |
| (i) | (B) अक्षय ऊर्जा के प्रति जागरूकता फैलाना | 1 |
| (ii) | (B) अक्षय ऊर्जा का क्षय न होकर नवीनीकरण होता रहता है। | 1 |
| (iii) | (D) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| (iv) | परीक्षार्थी गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** उपयुक्त कारण लिखेंगे-<br>• प्राकृतिक संपदाओं के अनियंत्रित दोहन पर रोक<br>• पर्यावरण की सुरक्षा<br>• प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता<br>• ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता<br><br>* दो उपयुक्त कारण लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* कोई एक कारण लिखने पर **अथवा** प्रश्न के संदर्भ में गद्यांश से थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (v) | परीक्षार्थी गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे -<br>• ग्रामीण जीवन की ऊर्जा संबंधी समस्याओं का समाधान<br>• विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण<br>• अक्षय ऊर्जा के उत्पादन में भारत का विश्व में प्रमुख स्थान<br><br>* कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | ------------------------------<br>* केवल एक उपयुक्त  बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| | **[ खंड - ख ]      (व्यावहारिक व्याकरण)** | **16** |
| 3. | ‘रचना के आधार पर वाक्य-भेद’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 4 |
| (i) | कटाओ के करीब आने पर  हमें बर्फ़ से ढके पहाड़ दिखने लगे। /<br>कटाओ के करीब आते ही हमें बर्फ़ से ढके पहाड़ दिखने लगे। | 1 |
| (ii) | भारतीय सैनिकों के समक्ष संकट के बादल थे लेकिन/ किंतु/ परंतु वे निराश नहीं हुए।/<br>संकट के बादल समक्ष थे लेकिन/ किंतु/ परंतु भारतीय सैनिक निराश नहीं हुए।/<br>संकट के बादल भारतीय सैनिकों के समक्ष थे लेकिन/ किंतु/ परंतु वे  निराश नहीं हुए। | 1 |
| (iii) | काशी में जो परिवर्तन हो रहे थे, उन्हें देखकर बिस्मिल्ला खाँ दुखी थे।/<br>काशी में परिवर्तन हो रहे थे, जिन्हें देखकर बिस्मिल्ला खाँ दुखी थे।/<br>बिस्मिल्ला खाँ उन परिवर्तनों को देखकर दुखी थे, जो काशी में हो रहे थे। | 1 |
| (iv) | जहाँ कल सम्मान समारोह हुआ; क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य | ½+½= 1 |
| (v) | मिश्र/ मिश्रित वाक्य | 1 |
| 4. | ‘वाच्य’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 4 |
| (i) | नेताजी द्वारा/ के द्वारा भाषण दिया गया था। | 1 |
| (ii) | बीमार व्यक्ति से चला नहीं जाता। | 1 |
| (iii) | मैं लड़ नहीं सकता/ सकती। | 1 |
| (iv) | कर्मवाच्य | 1 |
| (v) | कर्तृवाच्य | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | ‘पद-परिचय’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के लिए **सही व्याकरणिक कोटि** के साथ कोई **एक अन्य बिंदु** अपेक्षित : | 4 |
| (i) | **मुझे**- सर्वनाम, पुरुषवाचक, उत्तम पुरुष, स्त्रीलिंग/पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक | ½+½=1 |
| (ii) | **के बिना**- अव्यय, संबंधबोधक | ½+½=1 |
| (iii) | **और**- अव्यय, क्रियाविशेषण, परिमाणवाचक, ‘दो’ क्रिया की विशेषता | ½+½=1 |
| (iv) | **लेखकों**- संज्ञा, जातिवाचक, पुल्लिंग, बहुवचन, संबंध कारक | ½+½=1 |
| (v) | **सुंदर**- विशेषण, गुणवाचक, ‘कमरा’ विशेष्य, पुल्लिंग, एकवचन | ½+½=1 |
| 6. | ‘अलंकार’ पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 4 |
| (i) | उत्प्रेक्षा अलंकार | 1 |
| (ii) | मानवीकरण अलंकार | 1 |
| (iii) | रूपक अलंकार | 1 |
| (iv) | ‘उपमा अलंकार’ के उपयुक्त उदाहरण पर पूरे अंक दिए जाएँ, **जैसे-** पीपर पात सरिस मन डोला। | 1 |
| (v) | ‘अतिशयोक्ति अलंकार’ के उपयुक्त उदाहरण पर पूरे अंक दिए जाएँ, **जैसे-**<br>एक साथ रघु ने पैरों से चाँपा अविकल।<br>पितृ-दत्त सिंहासन और सकल अरिमंडल। | 1 |
| | **[ खंड - ग ] (पाठ्य-पुस्तक और पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित)** | **30** |
| 7. | पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 5 |
| (i) | (D) I और III दोनों सही हैं। | 1 |
| (ii) | (D) दिखावा और संकोच | 1 |
| (iii) | (D) आलोचनात्मक और कल्पनाशील | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (iv) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की उचित व्याख्या करता है। | 1 |
| (v ) | (A) स्वाभिमान का निर्वाह करने के लिए आँखें हटाना | 1 |
| 8. | निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 6 |
| (i) | परीक्षार्थी पाठ के आधार पर दोनों हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br>• मूर्ति पर हर बार असली चश्मा देखकर;<br>• पानवाले से पूछताछ की<br><br>* प्रश्न के दोनों हिस्सों का पर्याप्त और उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* केवल पहले **अथवा** दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* प्रश्न के संदर्भ में पाठ से थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (ii) | परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br>• समाज में स्वयं और बच्चों को विशिष्ट बनने-बनाने की प्रबल इच्छा<br>• सामाजिक छवि के प्रति सजगता<br><br>* दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* प्रश्न के संदर्भ में पाठ से थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (iii) | प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो**-**दो** बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br><br>**ध्यान देने योग्य बिंदु** :<br>• नियमित अभ्यास<br>• अनुशासन | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | • ईश्वर के प्रति कृतज्ञता<br>• सीखने की ललक<br>• विनम्रता<br>• सद्भावना<br>• संस्कृति के प्रति प्रेम<br>• सादगी और सरलता<br><br>**ध्यान न देने वाले बिंदु :**<br><br>• अहंकार<br>• दिखावा<br>• कला के प्रति बेअदबी<br>• कट्टरता<br>• बाहरी रंग-रूप<br><br>* प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए दो-दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (½ +½ +½ +½=2 अंक)<br>------------------------------<br>* प्रश्न के किसी एक हिस्से के लिए दो बिंदु और दूसरे के लिए एक बिंदु लिखने पर ( 1.5 अंक)<br>------------------------------<br>* प्रश्न के किसी एक हिस्से के लिए दो बिंदु और दूसरे के लिए कोई बिंदु नहीं लिखने पर<br>अथवा<br>प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए एक-एक बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* प्रश्न के किसी एक हिस्से के लिए एक बिंदु **अथवा** प्रश्न के संदर्भ में पाठ से थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br><br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (iv) | परीक्षार्थी बालगोबिन भगत पाठ के आधार पर **चार** उपयुक्त बिंदुओं में टिप्पणी लिखेंगे-<br><br>• मँझोला कद<br>• गोरे-चिट्टे<br>• पके बाल, लंगोटी, कनफटी टोपी, काली कमली, रामानंदी चंदन, तुलसी की माला | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | • कबीरपंथी<br>• खरा व्यवहार<br>• प्रगतिशील<br>• मधुर गायन<br>• नेम-व्रत के पक्के<br>• संवेदनशील<br>• शांत स्वभाव<br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य)<br><br>* चार बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (½ +½ +½ +½=2 अंक)<br>------------------------------<br>* तीन बिंदुओं में उत्तर लिखने पर ( 1.5 अंक)<br>------------------------------<br>* दो बिंदुओं में उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* एक बिंदुओं में उत्तर लिखने पर<br>अथवा<br>पाठ से बालगोबिन भगत के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| 9. | पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 5 |
| (i) | (C) परशुराम का दास | 1 |
| (ii) | (A) केवल I और II सही हैं। | 1 |
| (iii) | (D) कथन और कारण दोनों सही हैं, किंतु कारण, कथन की उचित व्याख्या **नहीं** करता है। | 1 |
| (iv) | (B) व्यंग्यपूर्ण | 1 |
| (v) | (B) दोषी स्वयं ही सभा से अलग हो जाए। | 1 |
| 10. | निर्धारित कविताओं के आधार पर चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 6 |

| | | |
|---|---|---|
| (i) | परीक्षार्थी कविता के आधार पर कोई **दो** उपयुक्त बिंदु लिखेंगे-<br>• विरह व्यथा का बढ़ना<br>• कृष्ण के मिलन की आशा का टूटना<br>• कृष्ण से शिकायत<br>• विवशता<br>• अत्यंत दुख<br>• निराशा<br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य )<br>* दो उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* कोई एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* उपयुक्त उत्तर न लिखने पर परंतु कविता के आधार पर थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (ii) | परीक्षार्थी कविता के आधार पर बिंबों का **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे-<br>**बिंब**-<br>• धूल से सना बच्चा मानो झोंपड़ी में खिला हुआ कमल<br>• स्पर्श मात्र से पाषाण हृदय में कोमल भावों का संचार<br>• बच्चे के स्पर्श से कठोर हृदय में शेफालिका के फूलों जैसे कोमल भावों का संचार<br>• दंतुरित मुसकान की मोहक छवि से मानो मृतक में भी प्राणों का संचार<br>* दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* कविता के आधार पर थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| (iii) | परीक्षार्थी कविता के संदर्भ को ध्यान में रखकर प्रेरणा के **दो** बिंदुओं में **स्वतंत्र** उत्तर लिखेंगे, **जैसे**- | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | • मनुष्यता<br>• निष्ठापूर्ण योगदान<br>• समर्पण<br>• धैर्य और उत्साह<br>• ईमानदारी<br>• सहयोग<br>(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य )<br>* दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* उपयुक्त उत्तर न लिखने परंतु कविता के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (iv) | परीक्षार्थी कविता के आधार पर **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे-<br>• मन में उत्साह, उमंग का संचार<br>• प्राकृतिक सौंदर्य से अभिभूत मन<br>• उल्लास और मस्ती<br>• प्रसन्नता<br>• कल्पनाशीलता<br>* दो बिंदुओं में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक)<br>------------------------------<br>* एक बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* उपयुक्त उत्तर न लिखने परंतु कविता के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | 2 |
| 11. | पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | 8 |
| (i) | परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो** खेलों और उनके परिवेश के अंत:संबंध को लिखेंगे- | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | • खेती-बाड़ी से जुड़े खेल (चबूतरे को खेत बनाना, कंकड़ के बीज, लड़कों का बैल बनना)<br>• दुकानदारी से जुड़े खेल (प्राकृतिक साधनों से मिठाई की दुकान लगाना जैसे- गीली मिट्टी की जलेबी, फूटे घड़े के बताशे)<br>• भोज/ दावत से जुड़े खेल (पानी का घी, धूल का पिसान, बालू का चीनी के रूप में प्रयोग<br>• बरात से जुड़े खेल (कनस्तर का तंबूरा, टूटी चूहेदानी से पालकी बनाना)<br>• खेलगीत : खेलते समय प्रचलित खेलगीतों को गाना<br>• ग्रामीण परिवेश : खेलों की सामग्री घरेलू और प्राकृतिक वस्तुओं से निर्मित<br><br>* दो खेल और उनके परिवेश का उपयुक्त उदाहरण लिखने पर (2 +2 = 4 अंक)<br>------------------------------<br>* दो खेलों के विषय में लिखने और उनके परिवेश का एक उपयुक्त उदाहरण लिखने पर<br>अथवा<br>केवल एक खेल के विषय में लिखने और उनके परिवेश से संबंधित दो उदाहरण लिखने पर<br>(3 अंक)<br>------------------------------<br>* केवल एक खेल के विषय में लिखने और उनके परिवेश से संबंधित एक उदाहरण लिखने पर<br>अथवा<br>किन्ही दो खेलों के विषय में लिखने और उनके परिवेश का उपयुक्त उदाहरण नहीं लिखने पर<br>(2 अंक)<br>------------------------------<br>* केवल एक खेल के विषय में लिखने **अथवा** परिवेश से संबंधित एक उदाहरण लिखने पर<br>अथवा<br>पाठ से संबंधित खेलों और परिवेश के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (ii) | परीक्षार्थी पाठ के आधार पर प्रकृति की विराटता से जुड़े **चार** उपयुक्त दृश्य लिखेंगे-<br>**दृश्य** :<br>• हिमालय का विराट स्वरूप : हिमालय की बादलों से घिरी बर्फीली चोटियाँ, दूध की धार की तरह गिरते जल-प्रपात, कल-कल बहती चाँदी की तरह चमकती नदियाँ<br>• अखंडित संपूर्णता : झरने, नदी, बादलों, चाँदनी, हवा और संगीत के साथ पेड़-पौधों, पशु-पक्षियों और मानव की सम्मिलित लय, ताल, गति की उपस्थिति, प्रकृति का चलायमान सौंदर्य | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | • भीमकाय पर्वतों और घाटियों के बीच सँकरे कच्चे-पक्के रास्तों की असीम सुंदरता<br>• खूबसूरत पेड़ों और रंग-बिरंगे फूलों से भरी सुंदर, चौड़ी, गहरी घाटियाँ/वादियाँ,<br>• 'सेवेन सिस्टर्स वॉटर-फॉल' का अलौकिक सौंदर्य<br>• यूमथांग के मार्ग पर धुंध, बादलों की मोटी चादर से घिरा रोमांचक दृश्य<br>• गैंगटोक/गंतोक शहर की जगमगाती रात का दृश्य<br>• विराट-रंग संयोजन : चाय बागान में सघन हरियाली के बीच डूबते सूरज की सात्विक और स्वर्णिम आभा और नेपाली युवती के बोकु (सिक्किमी परिधान) के लाल रंग की इंद्रधनुषी छटा<br><br>* प्रकृति की विराटता से जुड़े चार उपयुक्त दृश्य लिखने पर (1+1+1+1= 4 अंक)<br>------------------------------<br>* तीन उपयुक्त दृश्य लिखने पर (3 अंक)<br>------------------------------<br>* दो उपयुक्त दृश्य लिखने पर<br>अथवा<br>प्रश्न का उपयुक्त उत्तर न लिखने परंतु पाठ के संदर्भ में प्रकृति के दृश्यों के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (2 अंक)<br>------------------------------<br>* केवल एक उपयुक्त दृश्य लिखने पर<br>अथवा<br>प्रश्न का उपयुक्त उत्तर न लिख पाने परंतु पाठ के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)<br>------------------------------<br>* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| (iii) | प्रश्न के पहले और दूसरे हिस्से के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **अनुभव, अनुभूति** और **इनके प्रभाव** का तर्कपूर्ण उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-<br><br>• **प्रत्यक्ष अनुभव** : जिसे हमने घटित होते हुए देखा हो/ जो स्वयं हमारे सामने घटित हो/ अनुभव का सच<br>• **अनुभूति :** जो घटना हमारे अनुभव की न हो, पर आंतरिक स्तर पर उसे हमने भोक्ता की तरह महसूस किया हो/ जिसे हमने अपने आंतरिक धरातल पर महसूस किया हो भले ही वह घटना हमने देखी हो या नहीं<br><br>**लेखक पर प्रभाव :** | 4 |

- लेखक का स्वयं हिरोशिमा की विभीषिका का भोक्ता बन जाना
- हिरोशिमा के जले पत्थर पर बनी मनुष्य की छाया को देखकर युद्ध की विभीषिका की तीव्र अनुभूति और लिखने की व्याकुलता
- मन की व्याकुलता का बुद्धि के क्षेत्र से बढ़कर संवेदना के स्तर पर आना और लेखन के लिए विवश होना

  (कोई एक बिंदु अपेक्षित)

प्रश्न के तीसरे हिस्से के लिए परीक्षार्थी उपयुक्त **स्वतंत्र** उत्तर लिखेंगे, **जैसे-**
**अनुभव आधारित लेखन अधिक महत्त्वपूर्ण क्योंकि**

- वह प्रामाणिक होता है।
- इससे घटना स्वयं भोगी हुई होगी और ज्यादा स्पष्ट, वास्तविकता के नज़दीक हो सकेगी।

**अनुभूति आधारित लेखन अधिक महत्त्वपूर्ण क्योंकि**

- अनुभूति की प्रबलता से अन्य लोगों के अनुभव भी स्व-अनुभूत किए जा सकते हैं।
- अनुभव तो सभी करते हैं; लेखन के द्वारा प्रभावी संप्रेषण वही कर पाता है जो अनुभूति तक पहुँचता है।

* प्रश्न के तीनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (2+1+1=4 अंक)

-----------------------------

* पहले हिस्से के लिए अनुभव **या** अनुभूति को स्पष्ट करने पर और दूसरे तथा तीसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर

अथवा

* पहले हिस्से के लिए अनुभव और अनुभूति; **दोनों** को स्पष्ट करने और दूसरे **अथवा** तीसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर

(3 अंक)

-----------------------------

* केवल अनुभव और अनुभूति का उपयुक्त उत्तर लिखने पर

अथवा

पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने तथा दूसरे और तीसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर

अथवा

अनुभव/अनुभूति के लेखन पर पड़ने वाले प्रभाव तथा महत्त्व पर स्वतंत्र विचार व्यक्त करने पर

(2 अंक)

-----------------------------

* पहले हिस्से का संक्षिप्त उत्तर लिखने पर **अथवा** दूसरे या तीसरे हिस्से का उत्तर लिखने पर

अथवा

प्रश्न के दूसरे या तीसरे हिस्से का संक्षिप्त उत्तर लिखने पर **अथवा** अनुभव/ अनुभूति के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक)

-----------------------------

| | | |
|---|---|---|
| | * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक) | |
| | **[ खंड - घ ] (रचनात्मक लेखन)** | **20** |
| 12.<br><br>(i)<br><br><br><br><br><br><br><br><br>अथवा<br><br><br>(ii) | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन **अथवा** संदेश लेखन अपेक्षित :<br><br>**विज्ञापन-लेखन :**<br>• रचनात्मकता = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• समग्र प्रभाव = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :**<br>• यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक प्रस्तुति पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा प्रयोग/प्रस्तुति; दोनों स्तरों पर रचनात्मकता के प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• विज्ञापन में आकर्षक भाषिक प्रयोग के उद्देश्य से अन्य भाषाओं के शब्दों का प्रयोग स्वीकार्य है।<br>• विज्ञापन-लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ।<br><br>**संदेश-लेखन :**<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 2 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :**<br>• यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक प्रस्तुति पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ।<br>• प्रारूप में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए।<br>(संबोधन, दिनांक आदि के दाएँ/बाएँ होने आदि के आधार पर अंक न काटे जाएँ।)<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। | 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। | |
| 13.<br>(i)<br><br>अथवा<br><br>(ii) | किसी **एक** विषय पर लगभग 80 शब्दों में ई-मेल **अथवा** स्ववृत्त लेखन अपेक्षित :<br><br>**ई-मेल लेखन** :<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** :<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ।<br>• यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br><br>**स्ववृत्त-लेखन** :<br>• प्रारूप = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश** :<br>• व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर<br>• शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। | 5 |
| 14.<br><br>(i)<br>अथवा | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन अपेक्षित :<br><br>**पत्र-लेखन** :<br>• प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| (ii) | • विषयवस्तु = 3 अंक<br>• भाषा-शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :**<br>• उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ।<br>• प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (पता, दिनांक आदि के दाएँ/बाएँ होने, सेवा में आदि के आधार पर अंक न काटे जाएँ।)<br>• यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। | |
| 15. | किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लेखन अपेक्षित :<br><br>**अनुच्छेद-लेखन**<br>• भूमिका = 1 अंक<br>• विषयवस्तु = 3 अंक<br>• निष्कर्ष = 1 अंक<br>• भाषा शुद्धता = 1 अंक<br><br>**विशेष निर्देश :**<br>• दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ।<br>• सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।<br>• प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ।<br>• भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। | 6 |